प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में सी.टी. संकलन 2024 एवं विवृद्धि 2024 का आयोजन

पन्तनगर। 4 जून 2024। विश्वविद्यालय में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग, प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबन्धन विभाग द्वारा क्रमशः सी.टी. संकलन 2024 तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रदर्शनी विवृद्धि 2024 नामक शीर्षक पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी में एस. आर.पी. (स्टूडेन्ट रेडी प्रोग्राम) के छात्र–छात्राओं द्वारा इस षट्मास में निर्मित किये गये उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न शीर्षकों जैसे– प्रकृति, उत्सव, क्रिस्टल, खेल, परिकल्पना, फिंगर प्रिंट आदि पर केन्द्रित उत्पादों का निर्माण किया गया, जिसमें बेबी फ्राक, लंहगा–चोली, स्कर्ट–टॉप, कुर्ता, गाउन आदि लेडीज वियर एवं जेन्ट्स वियर परिधान बैडशीट, कुशन कवर, वॉल घड़ी, वॉलपैनल आदि थे। इन उत्पादों का निर्माण सामुदायिक विज्ञान के छात्र–छात्राओं द्वारा डा. सोनू रानी एवं डा. शैफाली मैसी, कोर्स प्रभारी के दिशा–निर्देश में रंगाई, छपाई एवं सिलाई प्रयोगशालाओं में किया गया।

'विवृद्धि 2024' प्रदर्शनी में विकसित भारत अभियान, उत्तराखण्ड एवं उपलब्धियाँ एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेकों विषयों पर आधारित फोल्डर, फ्लायर, बुकलेट, विज्ञापन, लेख एवं पोस्टर आदि प्रिंट सामग्री डिजाइन एवं निर्मित की गई। इनका डिजाइन छात्रों द्वारा विभिन्न कम्प्यूटर सॉफ्टवेयरों जैसे कैनवा, कोरल, फोटोशॉप आदि का उपयोग करके किया गया। इसके अतिरिक्त छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न रेडियो, ऑडियो एवं वीडियो रील बनाई गई जिनका भी प्रदर्शन किया गया। फोटो बूथ और फोटो कॉर्नर 'विवृद्धि 24' में आकर्षण का केंद्र रहे। प्रसार शिक्षा एवं प्रबन्धन विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा उक्त कार्य डा. अनुपमा पांडे, प्रभारी अधिकारी सामुदायिक विज्ञान प्रसार विभाग एवं डा. प्रिंयका जलाल के दिशा–निर्देशन में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल एवं मैनेजर, भारतीय स्टेट बैंक शाखा–पन्तनगर श्री पी.सी. पाण्डेय एवं कार्यवाहक अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय डा. एम.एस. पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. मनीषा गहलौत, डा. अनुपमा पांडे, डा. सोनू रानी, डा. शैफाली मैसी, डा. अदिति वत्स, डा. अर्चना कुशवाहा, डा. सीमा क्वात्रा एवं अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने छात्र–छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की।

1. प्रदर्शनी का अवलोकन करते अधिकारीगण।